हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, मंगलवार 24 मार्च 2026

11 कांग्रेस ने दी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि प्रदीप जोगी...



12 दादरी में 6.34 करोड़ से बनेगा मॉडल स्कूल का ...



## हल्की बूंदाबांदी से लुढ़का पारा, तेज हवाओं ने फसलों को जमीन पर बिछाया

# धरती पर गिरे अरमान, घटेगी पैदावार, किसान हुए परेशान

**गेहूं की फसल की पैदावार घटेगी और किसानों को होगा नुकसान**





हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

दो दिन ब्रेक के बाद सोमवार अल सुबह हल्की बूंदाबांदी से दिन की शुरुआत हुई। बूंदाबांदी ने पारे को बेदम कर दिया। हालांकि रविवार को पारे ने थोड़ा सा उपर उठने का हौसला किया था,लेकिन सोमवार को अल सुबह आई हल्की बूंदाबांदी व तेज हवाओं ने फिर से पारे को आगे बढ़ने से रोक दिया।

फिलहाल पारा 29 डिग्री सेल्सियस के बीच झुलता नजर आया। दूसरी तरफ हल्की बूंदाबांदी के साथ तेज हवा ने गेहूं की फसलों का बिछौना कर दिया। जहां तक नजर दौड़ाई जाए। वहां पर जमीन पर गेहूं की फसल ही बिछी नजर आई। दो दिन पहले भी कुछ क्षेत्रों में फसल बिछ गई थी,लेकिन आज सुबह हुई बारिश ने फसलों का पूरी तरह से जमीन पर लेटा दिया। जिसके चलते गेहूं की फसल की औसतन पैदावार घटेगी और किसानों को मोटा आर्थिक नुकसान की मार सहनी पड़ेगी। अल सुबह अचानक आसमान में काले बादल उमड़ गए और करीब चार बजे के आसपास आसमान से पानी बरसने लगा। कभी बारिश तेज तो कभी धीमी गति से पानी बरसा। इस दौरान तेज हवा के झौंकों की वजह से बारिश की गति भी बढ़ी और घटी। इस तरह का मौसम सुबह आठ बजे तक रहा। उसके बाद बूंदाबांदी पर ब्रेक लगा और हवा भी थमी। बूंदाबांदी से पारा 29 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। लोगों को फिर से ठंड का अहसास होने लगा। किसानों ने बताया कि उनका परिवार का पालन व पोषण रबी व खरीफ की फसलों पर ही टिका हुआ है।

■ पारा 29 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। लोगों को फिर से ठंड का अहसास होने लगा।

### बिछ गई जमीन पर फसलें, घटेगी औसतन पैदावार

सोमवार को आई तेज हवा के साथ हल्की बूंदाबांदी के बाद खेतों में अगेती व पछेती गेहूं की फसल जमीन पर बिछ गई। जहां पर नजर दौड़ाई जाए। वहां तक फसलों का बिछौना ही हुआ नजर आया। गेहूं की बालियां जमीन पर टिक गई। अब इन फसलों का खड़ा होना(सीधा होना) बहुत ही कठिन कार्य लग रहा है। क्योंकि गेहूं की बालियों में दाना बन चुका है और अब बालियों में वजन बन गया है। जिस वजह से गेहूं का तना बाल सहित उपर नहीं उठ पाएगा। अब तो बिछी हुई फसल ही पकेगी। गेहूं की बालियां का जो हिस्सा जमीन पर टिका है। उस तरफ न तो हवा लग पाएगी और न ही धूप की चमक मिलेगी। जिससे गेहूं के दाने का पूरी तरह से विकास नहीं होगा। जिस वजह से औसतन पैदावार में बहुत ज्यादा कमी आएगी। दूसरी तरफ जो फसल जमीन पर बिछ जाती है। उस फसल की कटाई करवाना भी बेहद कठिन कार्य होता है। इन फसलों की कटाई में अन्य फसलों की अपेक्षा डेढ से दोगुना ज्यादा समय लगता है। इसकी मार भी किसानों पर ही पड़ेगी।

**ग्रामीणों और कोच ने थपथपाई पीठ**

# सज्जनपुर की बेटी प्रीति ने 24वीं पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में जीता गोल्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बवानीखेड़ा

सज्जनपुर की बेटी प्रीति ने जीता गोल्ड, 24वीं पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप राष्ट्रीय प्रतियोगिता जो की कलिंगा स्टेडियम में 17 से 21 मार्च तक उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में हुई इस प्रतियोगिता में भारत वर्ष से 28 राज्यों ने भाग लिया ।

■ उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में 17 से 21 मार्च तक आयोजित प्रतियोगिता में दिखाया दमखम



बवानीखेड़ा। पदक विजेता को सम्मानित करते हुए।

### ग्रामीणों ने प्रीति का फूलमालाओं से स्वागत किया

आयुष योग सहायक गजानंद कौशिक ने बताया कि प्रीति निरंतर रूप से प्रतिदिन व्यायामशाला ग्राउंड में अपना पसीना बहाती है इस प्रतियोगिता में शामिल होकर सुखद परिणाम लाई है। गजानंद ने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता में खंड बवानी खेड़ा के गांव सज्जनपुर (दुर्जनपुर) की लाडली बेटी प्रीति ने राष्ट्रीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के 41 वर्ग डिस्कस थ्रो में सिल्वर एवं शॉटपुट में स्वर्ण पदक प्राप्त किया। गांव में पहुंचने पर ग्राम वासियों ने प्रीति का फूलमालाओं से स्वागत किया। कोच अरुण कुमार राणा सरपंच प्रतिनिधि नरेश चाहर, जयवीर कुड़ी, कर्मबीर रंगा, पितराम कुड़ी, निहाल सिंह नंबरदार, गंगाधर सोलथ , प्रदीप चाहर, सुहाल चाहर , हरीश रंगा सहित सैंकड़ों ग्रामीणों ने प्रीति व कोच की पीठ थपथपाई ।

## अनाज मंडी प्रधान सुखबीर भाकर हुए सम्मानित

**बवानीखेड़ा।** अनाज मंडी प्रधान सुखबीर भाकर को शहीद-ए-आजम भगत सिंह सेवा ट्रस्ट भिवानी के अध्यक्ष मोनू भगत सिंह द्वारा भिवानी हुडा पार्क में शहीदी दिवस पर सम्मानित किया। सुनील भाकर, विकास भाकर, सुरेन्द्र पंघाल की मौजूदगी में सुखबीर भाकर को सम्मानित करे हुए मोनू भगत सिंह ने बताया कि हमें शहीदों की शहादत को भूलना नहीं चाहिए। शहीदों के कारण ही आज हम खुली हवा में सांस ले रहे हैं।



**बवानीखेड़ा।** अनाज मंडी प्रधान सुखबीर भाकर को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**खबर संक्षेप**

### 12 को होगा जाट प्रतिभा सम्मान समारोह

**भिवानी।** जाट धर्मशाला के प्रांगण में जाट धर्मशाला सभा के प्रधान चौ. दिलबाग सिंह सांगवान की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें कार्यकारिणी के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक में समाज के होनहार युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए वार्षिक सम्मान समारोह की रूपरेखा तैयार की गई। सांगवान ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जाट प्रतिभा सम्मान समारोह 12 अप्रैल को आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पात्र उम्मीदवार अपने दस्तावेज़ 5 अप्रैल तक जाट धर्मशाला भिवानी के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं।

### जीडीसी कॉलेज बहल ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**बहल।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत आयोजित विश्वविद्यालय स्तरीय शिविर में जीडीसी मेमोरियल कॉलेज बहल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शिविर का आयोजन वैश्य कॉलेज भिवानी में 15 से 21 मार्च तक आयोजित हुआ था। शिविर में जीडीसी कॉलेज बहल के चार विद्यार्थी अतुल, भूपेन्द्र, सचिन व किरण ने भाग लिया था। इन विद्यार्थियों ने रंगोली, पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता व स्टार्टअप आइडिया जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं में सक्रिय भागेदारी निभाई।



भिवानी। पदक विजेता खेल प्रेमियों के साथ। फोटो : हरिभूमि

## राज्य स्तरीय नेटबॉल चैंपियनशिप में जीते स्वर्ण सहित कई पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

मोतीलाल नेहरू खेल विश्वविद्यालय राई (सोनीपत) में 19 मार्च से 22 मार्च तक आयोजित राज्य स्तरीय नेटबॉल प्रतियोगिता में जिले के गांव कलिंगा स्थित श्री बालाजी सीनियर सेकेंडरी स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पदकों की झड़ी लगा दी है। खिलाड़ियों की इस ऐतिहासिक जीत से स्कूल और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

जूनियर फास्ट फाइव (लड़के) में शानदार तालमेल दिखाते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा किया, ट्रेडिशनल नेटबॉल (लड़के में कड़े मुकाबले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया, फास्ट फाइव (लड़कियां) में बालिकाओं ने भी अपना दमखम दिखाया और रजत पदक अपने नाम किया, सीनियर मिक्स टीम ने बेहतर खेल भावना का परिचय देते हुए कांस्य पदक जीता। जीत का परचम लहराकर विद्यालय लौटने पर खिलाड़ियों का भव्य स्वागत किया गया। प्रबंधन समिति, शिक्षकों और साथी छात्रों ने खिलाड़ियों पर पुष्प वर्षा की और उन्हें मिठाई खिलाकर जीत की बधाई दी। विद्यालय की संचालिका रेणुका शर्मा और प्राचार्य बजरंग तंवर ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने खेल के मैदान में जो अनुशासन और खेल भावना दिखाई है, यह उसी का परिणाम है। राई जैसी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी में पदक जीतना यह दर्शाता है कि ग्रामीण अंचल की प्रतिभाएं यदि सही दिशा में प्रयास करें, तो वे किसी से कम नहीं हैं। उन्होंने कोच और खेल विभाग की सराहना करते हुए खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हरियाणा महिला कबड्डी टीम ने जीता रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चरखी दादरी

मध्यप्रदेश के सतना में 19 से 22 मार्च तक आयोजित 5वें फेडरेशन कबड्डी कप में हरियाणा महिला कबड्डी टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक जीता। फाइनल मुकाबले में हरियाणा टीम को रेलवे की मजबूत टीम के खिलाफ 34-24 से हार का सामना करना पड़ा, लेकिन पूरे टूर्नामेंट में टीम का प्रदर्शन अत्यंत प्रभावशाली और सराहनीय रहा। प्रतियोगिता के सेमीफाइनल मुकाबले में हरियाणा की टीम ने हिमाचल प्रदेश की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

■ मध्यप्रदेश के सतना में 19 से 22 मार्च तक आयोजित हुई थी प्रतियोगिता



विजेता टीम

खिलाड़ियों की मेहनत, अनुशासन, समर्पण और बेहतरीन टीम भावना ने हरियाणा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दिलाई है। इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर कैबिनेट मंत्री एवं एकेएएच के अध्यक्ष कृष्ण लाल पंवार ने टीम को बधाई देते हुए कहा कि हरियाणा की बेटियों ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वे किसी से कम नहीं हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद जिस तरह से खिलाड़ियों ने संघर्ष और मेहनत के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, वह पूरे प्रदेश के लिए प्रेरणादायक है। भविष्य में भी इसी जुनून और लगन के साथ आगे बढ़ते रहें, यही हमारी शुभकामनाएं हैं। खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यह रजत पदक केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि खिलाड़ियों की मेहनत और टीम वर्क का प्रमाण है। हमें गर्व है कि हरियाणा की बेटियां देशभर में अपना परचम लहरा रही हैं। आने वाले समय में यह टीम स्वर्ण पदक जीतकर प्रदेश का नाम और ऊंचा करेगी। महासचिव नसीब जांघू सहित संगठन के अन्य पदाधिकारियों ने टीम को बधाई दी।

## भिवानी की बेटी मुस्कान ने जीता कांस्य पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

खेल नगरी के नाम से मशहूर भिवानी के खिलाड़ियों ने समय-समय पर अपनी प्रतिभा के बल पर क्षेत्र व देश का नाम ऊंचा किया है। इसी कड़ी में अब 24 वीं राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में विद्या नगर निवासी मुस्कान ने कांस्य पदक जीतकर क्षेत्र का एक बार फिर से गौरव बढ़ाया है।

उड़ीसा में 17 से 21 मार्च तक आयोजित हुए राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स खेलों में मुस्कान ने कांस्य पदक जीता। मुस्कान जूनियर कैटेगरी एफ-33 में शॉटपुट में खेलते हुए गुजरात में गोल्ड मेडल भी जीत चुकी है। नेशनल में ही चेन्नई में भी गोल्ड मेडल जीत चुकी है। खेलों इंडिया दिल्ली में गोल्ड मेडल जीत चुकी है। जूनियर में तीन गोल्ड मेडल



ग्वालियर में भी मुस्कान जीत चुकी है। अबकी बार एफ-33 व एफ-34 के संयुक्त मुकाबले में ओलंपिक व एशियन खेलों की विजेताओं के साथ कांस्य पदक जीतकर प्रदेश का फिर से गौरव बढ़ाया। मुस्कान के पिता रमेश श्योराण ने कहा कि दुबई में यूथ एशियन में भी मुस्कान दो बार कांस्य पदक जीतकर भारत का झंडा ऊंचा कर चुकी है। उन्होंने बताया कि इस प्रतियोगिता में 45 देशों ने हिस्सा लिया था। उनका कहना है कि उनकी इच्छा है कि उनकी बेटी एक दिन पैरा ओलंपिक में गोल्ड जीतकर देश का मान बढ़ाए तथा उन्हे पूरा विश्वास है कि मुस्कान अपनी मेहनत व प्रतिभा के बल पर एक दिन उनका यह स्वप्र जरूर पूरा करेगी। मुस्कान की उपलब्धि पर विद्यानगर वासियों अजय, राजेश बड़ेसरा, डा. विजय सनसनवाल, बलवान डीपीई, खेताराम, लाजपत, पवन उर्फ भोलू, राजकुमार सांगवान व रूपेंद्र ने लड्डू बांटकर खुशी जाहिर की।

### ट्रेड डील के विरोध में किसान पीपली महापंचायत में पहुंचे

**बाढ़ड़ा।** प्रस्तावित ट्रेड डील के विरोध में क्षेत्र के सैकड़ों किसानों का जत्था सोमवार को कुरुक्षेत्र के पीपली में आयोजित राष्ट्रीय किसान महापंचायत में पहुंचा। जत्थे में शामिल किसानों को संबोधित करते हुए जिला प्रधान नवीन चौधरी ने केंद्र सरकार की नीतियों पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि प्रस्तावित ट्रेड डील देश के किसानों के हितों के खिलाफ है और इससे कृषि क्षेत्र को भारी नुकसान हो सकता है। उन्होंने आशंका जताई कि इस प्रकार की नीतियों से विदेशी कंपनियों को बढ़ावा मिलेगा, जिससे छोटे और मध्यम किसानों की आजीविका पर संकट गहराएगा। नवीन चौधरी ने कहा कि किसान पहले ही महंगाई, मौसम की मार और बढ़ती लागत जैसी समस्याओं से जूझ रहे हैं, ऐसे में सरकार द्वारा लाई जा रही ट्रेड डील किसानों की कमर तोड़ने का काम करेगी।

**संत हुजूर कंवर साहेब महाराज ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की**

# प्रकृति की गोद में जाने से ही बचेगी दुनिया: आचार्य देवव्रत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिवानी

गुजरात के राज्यपाल आचार्य देवव्रत सोमवार को भिवानी स्थित योग एवं प्राकृतिक चिकित्सालय पहुंचे। उनके साथ उनकी धर्मपत्नी एवं गुजरात की प्रथम महिला दर्शना आर्य भी मौजूद रहीं। आचार्य देवव्रत ने यहां पर नवनिर्मित जगन्नाथ सर्राफ वेलनेस सेंटर का उद्घाटन किया। कार्यक्रम राधा स्वामी संत हुजूर कंवर साहेब महाराज के सानिध्य में हुआ। भिवानी-महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र से सांसद धर्मबीर सिंह, विधायक घनश्याम सर्राफ और दादरी से विधायक सुनील सांगवान विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में डीसी साहिल गुप्ता भी मौजूद रहे।

आचार्य देवव्रत ने कहा कि वर्तमान में सारा खान-पान जहरीला हो गया है। यहां तक कि मां का दूध भी रासायनिक जहर से अछूता नहीं रहा है। स्वस्थ रहने के लिए इंसान को प्रकृति की गोद में जाना होगा और जीव-जंतु और पशु-पक्षियों की तरह ही प्राकृतिक रूप से बने खानपान अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि पहला सुख निरोगी काया है। राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने कहा कि आज पूरी दुनिया में स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी है।



**भिवानी।** नवनिर्मित जगन्नाथ सर्राफ वेलनेस सेंटर का उद्घाटन करते राज्यपाल आचार्य देवव्रत। फोटो : हरिभूमि

बीमारी भगवान की देन नहीं है, इंसान ने स्वयं लगाई है, जबकि भगवान ने इंसान को बुद्धि दी है। उन्होंने कहा कि उत्तम स्वास्थ्य ही धर्म-कर्म और सेवा का आधार है। अस्वस्थ इंसान न सेवा कर सकता है और न ही अपना कोई कार्य कर सकता है। उन्होंने कहा कि भगवान द्वारा दी गई व्यवस्था में जीने वाला इंसान कभी बीमार नहीं होता। इस दौरान सीबीएलयू की कुलगुरू प्रो. दीप्ति धर्माणी, शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन डॉ. पवन कुमार, सीईओ जिला परिषद अजय चोपड़ा, प्रमुख समाजसेवी संपूर्ण सिंह, रामदेव तायल आदि मौजूद रहे।

### प्राकृतिक चिकित्सा सुगम, सरल और नि.शुल्क

राधा स्वामी संत हुजूर कंवर साहेब महाराज ने कहा कि जगन्नाथ सर्राफ वेलनेस सेंटर न केवल भिवानी व आसपास क्षेत्र के लिए बल्कि प्रदेश व देश के कल्याण के लिए मील का पत्थर साबित होगा। प्राकृतिक चिकित्सा सुगम, सरल और निःशुल्क है। प्रकृति से जो चीजें हमें मिली हैं, उनमें से उपचार लेकर हम ठीक हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि वेलनेस सेंटर निर्माण कार्य को पुण्य का कार्य बताया। विधायक घनश्याम सर्राफ ने कहा कि निष्काम भाव से की जाने वाली सेवा हमेशा फलदायक होती है। हमें जरूरतमंदों की मदद करनी चाहिए। वेलनेस सेंटर भी इसका ही एक रूप है। वेलनेस सेंटर का निर्माण करवाने वाले बृजलाल सर्राफ ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा में जल, वायु,मिट्टी, धूप और आकाश का समावेश है और वही हमारे शरीर में होता है। उन्होंने कहा कि वे इसी तरह से जनमानस की सेवा में लगे रहेंगे।

## भाई की हत्या करने के मामले में दो आरोपी किए गिरफ्तार

**भिवानी।** थाना सदर भिवानी पुलिस ने अपने ही भाई की हत्या करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार संगीता निवासी झिरकिया, जिला मधयपुरा (बिहार) ने थाना सदर भिवानी में शिकायत दर्ज करवाई थी कि वह वर्तमान में तिगड़ाना में खेतों में रह रही है। 19 फरवरी 25 की रात्रि को उसके ससुर व देवर ने उसके पति विकास के साथ मारपीट कर सिर पर गंभीर चोटें मारीं। घायल अवस्था में उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शिकायत के आधार पर थाना सदर भिवानी में संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। थाना सदर भिवानी के प्रभारी उप-निरीक्षक उग्रसेन के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए मामले में संलिप्त दो आरोपियों को राजस्थान से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान नितिश पुत्र उमेश निवासी झिरकिया, जिला मधयपुरा (बिहार), पवन पुत्र उमेश निवासी झिरकिया, जिला मधयपुरा (बिहार) के रूप में हुई है।





बोझ चाहे काम, खर्चों, फिजूल की बातों का हो या फिर घर में मौजूद अनावश्यक सामानों का हो, जीवन अव्यवस्थित हो जाता है। इससे बचने के लिए कई लोग अब मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल अपना रहे है। मतलब इसमें वे अपनी प्राथमिकताएं तय करके सादगी भरा सरल जीवन जीना पसंद कर रहे हैं। जानिए, क्या है यह मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल।

# सुकून भरी जिंदगी के लिए मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल

कवर स्टोरी

**एस. भाग्यम शर्मा**

सरल जीवन की चाह में अब लोग मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल को अपना रहे हैं। मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल का मतलब है, कम से कम सामान, कम खर्च, कम काम, कम बोझ और आरामदायक जीवन। यह जीवनशैली हमें जिंदगी में केवल आवश्यक और महत्वपूर्ण चीजें रखना सिखाती है। जिससे जीवन अव्यवस्थित ना रहे, एक मानसिक शांति मिले। इस जीवनशैली में हम अनावश्यक भौतिक वस्तुओं से बचते हुए, अच्छे अनुभवों और रिश्तों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। यह जीवनशैली जीवन को सरल, तनावमुक्त बनाती है। मिनिमलिज्म का उद्देश्य केवल कम से कम भौतिक वस्तुओं से नहीं है बल्कि विचार, समय और ऊर्जा का समझदारी से प्रबंधन भी है। यह प्रबंधन व्यक्तिगत संतोष और आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ने में मदद करता है, हमें अपना जीवन अर्थपूर्ण लगता है।

## लोग चाहते हैं सस्टेनेबल लाइफस्टाइल



फिजूल खर्ची से होने वाले नुकसान के कारण अब लोग धीरे-धीरे यह समझने लगे हैं कि अनावश्यक वस्तुओं का संग्रह करना समय और धन की बर्बादी है। आजकल लोग सस्टेनेबल लाइफस्टाइल चाहते हैं। वे महंगी और आकर्षक दिखने वाली चीजों से दूर रहने लगे हैं, सादगीपूर्ण जीवन जीने के लिए ईको फ्रेंडली वस्तुओं का इस्तेमाल कर रहे हैं। अकसर यह सुनाई देता है, फलां व्यक्ति लाखों की सैलरी पैकेज और मेट्रो सिटी का विलासपूर्ण जीवन छोड़कर गांव में जाकर रह रहा है। बिना किसी खाद और कीटनाशक के ऑर्गेनिक खेती कर रहा है। यहां तक कि कुछ लोग पर्यावरण के अनुकूल मिट्टी के घर भी बना रहे हैं। जहां गर्मियों में एसी जैसे उपकरणों की जरूरत नहीं होती। इससे पर्यावरण सुरक्षित रहता है। पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने के लिए सादगीपूर्ण जीवनशैली अपनाना बहुत जरूरी है। जैसे कि आजकल जागरूक लोग विवाह जैसे सामाजिक समारोह में भोजन परोसने के लिए प्लास्टिक की डिस्पोजेबल प्लेट और गिलास इस्तेमाल करने के बजाय पत्तलों और मिट्टी के कुल्हड़ों का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह भी देखा जा रहा है, मध्यवर्गीय परिवारों में अधिकतर एक के बजाय दो गाड़ियां होती हैं, लेकिन सेहत के प्रति जागरूक लोग छोटी दूरी के लिए साइकिल का इस्तेमाल कर रहे हैं, इससे प्रदूषण नहीं होता, साथ ही ऊर्जा के संसाधनों की भी बचत होती है।

## अपनी प्राथमिकता तय करें

समय के बदलाव के हिसाब से हमें जीना सीखना चाहिए। आज हमें अपने आपको मिनिमलिस्ट लाइफस्टाइल के लिए तैयार करना होगा। इसके लिए सबसे पहले हम अपनी प्राथमिकताओं को समझें और तय करें। अनावश्यक सामान और फिजूल की बातों से मुक्त हों। घर में सिर्फ वही सामान रखें, जो जरूरी और उपयोगी हों। सामान को कम करने के लिए दिमागी रूप से तैयार रहें। अपने जरूरी कामों और लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें, इससे हम अव्यवस्था से दूर रहेंगे।

## अपनाएं साधारण और शांत जीवनशैली

हमें साधारण और शांत जीवनशैली अपनाने की भरसक कोशिश करनी चाहिए, जिसमें कम चीजों के बावजूद हमें खुशी और संतोष मिले। हमें अपने समय को सही दिशा में निवेश करना चाहिए। हर दिन की शुरुआत सकारात्मक सोच के साथ करें। घर के लिए खरीदारी करते समय सामानों की सूची बना लें, उसी के अनुसार जरूरी सामानों की खरीदारी करें ताकि फिजूल की चीजें घर ना आएं। कुछ लोग दिखावे के लिए अनावश्यक वस्तुओं का संग्रह घर में कर लेते हैं, इससे बचें। आज लोग यह समझने लगे हैं कि असली खुशी वस्तुओं और धन के संग्रह से नहीं मिलती, इसके लिए मन का सुकून बहुत जरूरी है। यदि हम जीवन में सच्ची खुशी चाहते हैं तो धन के प्रदर्शन और अनावश्यक वस्तुओं के खरीदने से बचें। ऐसा करने से हमें एक मानसिक शांति और खुशी मिलेगी, इससे हमें कुछ रचनात्मक करने का अवसर मिलेगा, जो हमें एक पहचान दे सकता है।

## बदल रही है सोच और आदतें



**बीते जमाने में** महिलाओं के पास बस एक-दो महंगी साड़ी होती थी, जो त्योहारों में या शादी में पहनी जाती थी, लेकिन नए जमाने में बहुत सी महिलाएं नई-नई साड़ी या तरह-तरह की फैंसी पोशाकें पहनने लगीं। लेकिन इधर यह सोच बदली है। देखने में आ रहा है, अब बॉलीवुड एक्ट्रेसेस भी एक बार पहनी हुए ड्रेस को दोबारा पहन कर लोगों के सामने सादगी की मिसाल पेश कर रही हैं। एक्ट्रेस आलिया भट्ट ने मनीष मल्होत्रा की दिवाली पार्टी में अपनी मेहंदी का लहंगा दोबारा पहना। यह देखकर लोगों ने ना केवल प्रशंसा की, बल्कि वे भी इस अच्छी आदत को अपना रहे हैं। महानगरों में अधिकतर लोग फ्लैट्स में रहते हैं। उनके पास इतनी जगह नहीं होती कि वह ढेर सारा सामान रख सकें। ऐसे में बर्तन, वस्त्र, घरेलू उपकरण या अन्य सामान जरूरतमंदों में बांट देते हैं। इस नेक काम में कुछ लोग स्वयंसेवी संस्थाओं की मदद भी करते हैं। आजकल लोग समय के साथ ऐसी चीज खरीदने लगे हैं, जिनकी वाकई में जरूरत होती है। यहां तक कि नई पीढ़ी अब शादी-ब्याह में ब्राइडल ड्रेस, ज्वेलरी आदि किराए पर लेने लगी है। छोटे बच्चे भी माता-पिता की सादगी भरी जीवनशैली से सीख लेकर उन्हीं के पदचिन्हों पर चल रहे हैं।

---

किसी हादसे या दिल पर चोट पहुंचाने वाली बात पर मन का उदास होना स्वाभाविक है, लेकिन जब छोटी-छोटी बातों से आपका मूड बिगड़ा रहे, तनाव में रहे, आप उदास दिखें तो यह सही नहीं है, इस तरह आप एंग्जाइटी का शिकार हो सकती हैं। इससे कैसे बचें, उपयोगी सलाह।

# क्या अकसर होता है आपका मूड ऑफ!

सलाह

**प्रतिभा अग्निहोत्री**



बहुत से लोगों का मूड अकसर बिगड़ा रहता है। जरा सा कुछ उनके मन माफिक नहीं हुआ कि मूड ऑफ! वह खामोश होकर बैठ जाएंगे, बेचैन से दिखेंगे। मूड जब देखो तब ऑफ ना रहे, सही रहे, आप खुश दिखें, इसके लिए आप क्या करें, जानें-

**प्रकृति के नजदीक जाएं:** अमेरिका से प्रकाशित होने वाले सिटीज जर्नल के अनुसार पौधों की कटाई, छंटाई और खुदाई के दौरान हमारा ध्यान आस-पास की चिंताओं और परेशानियों से हट जाता है। जब भी आपका मूड सही ना हो, मन उदास हो तो आप अपने घर के गार्डन अथवा नजदीक के पार्क में जाएं और वहां के फूलों, पत्तियों और पेड़ों को गौर से देखें, आप एक ताजगी महसूस करेंगी, बहुत जल्दी आपका मूड सही हो जाएगा।



**सुबह की चाय:** विभिन्न शोधों के अनुसार चाय स्वाभाविक मूड बस्टर फ्लेवोनॉयड्स का बहुत अच्छा स्रोत होता है, इसलिए सुबह की चाय मानसिक और शारीरिक थकावट दूर करके ताजगी देने वाली होती है। यदि संभव हो तो अपने पार्टनर के साथ बालकनी या गार्डन में बैठकर प्रकृति का आनंद लेते हुए साथ-साथ चाय पिएं, इस दौरान आप चाय पीते-पीते अपने मन की बात अपने पार्टनर से कहकर मन हल्का कर सकती हैं।

**मनचाहा काम करें:** लिखना, पढ़ना, संगीत सुनना, पेंटिंग या गायन आदि कार्य जिन्हें करने से आपके मन को सुकून मिलता हो, उन्हें करने का प्रयास करें। यदि आप मूवी की शौकीन हैं तो मूवी देखें, हो सकता है शुरुआत में आपका कुछ भी करने का मन न हो, फिर भी आप स्वयं को व्यस्त रखने का प्रयास करें। कुछ समय पश्चात आपका मूड एकदम सही हो जाएगा।

**घर को व्यवस्थित करें:** शोध बताते हैं कि अगर घर या कमरे में सब कुछ अस्त-व्यस्त है तो मूड उखड़ जाता है, हम तनावग्रस्त हो जाते हैं, इसलिए जब भी आपको अपना मूड बिगड़ा दिखे तो आप अपने घर, कमरे या कवर्ड को व्यवस्थित करें, बेड की चादर बदलें, घर के फर्नीचर की जगह बदलें, फ्लॉवर बेस में ताजे फूल लगाएं, किचेन की चीजों को व्यवस्थित करें। इससे घर में आपको नवीनता लगेगी, आप काफी हद तक बेहतर फील करेंगी।

**हाइड्रेट रहें:** रिसर्च के अनुसार शरीर में पानी की कमी से कब्ज और लो ब्लड प्रेशर की समस्या हो जाती है, जिसका सीधा असर मूड पर भी पड़ता है, इसलिए दिन में कम से कम 10 ग्लास पानी अवश्य पिएं। इससे आप स्वयं को तरोताजा महसूस करेंगी। यदि खाली पानी नहीं पी पाती हैं तो इसमें नीबू का रस, मिंट लीव्स डालकर एक जग या बोतल में रखें और इस फ्लेवर्ड पानी को छानकर पिएं। गर्मी के मौसम में आप शरीर को शर्बत, जूस, शेक्स पीकर और तरबूज, खरबूज जैसे फलों का सेवन करके भी हाइड्रेट रख सकती हैं। इससे आपका मूड सही रहेगा।

**योगा और एक्सरसाइज करें:** योगा, वॉकिंग और एक्सरसाइज करने से हमारा शरीर एकदम फिट और फाइन रहता है। जब भी आपका मन कुछ अपसेट हो तो आप वॉकिंग करने चली जाएं या फिर घर पर ही योगा करें, इससे आपके अंदर डोपामाइन हार्मोन रिलीज होगा और मन की उदासी काफी हद तक दूर हो जाएगी।

**हमेशा सकारात्मक रहें:** मनोवैज्ञानिक कीर्ति वर्मा कहती हैं, 'जब मूड सही ना हो तो आप अपने जीवन की अच्छाइयों, अच्छी घटनाओं और अपने से जुड़े अच्छे लोगों के बारे में सोचें, इससे आपके मन के नकारात्मक विचार गायब होंगे।' शोध बताते हैं कि परिस्थितियां कितनी भी विपरीत हों परंतु सकारात्मक विचारों से उन पर सुगमता से विजय पाई जा सकती है।

---


रिश्ते तो बहुत से लोगों के होते हैं, लेकिन जीवन में एकाध लोग ही ऐसे होते हैं, जिनसे रिश्ते बहुत अलग और खास होते हैं। ये रिश्ते शब्दों में बयां नहीं किए जा सकते, बस अहसास किए जा सकते हैं। ये रिश्ते हमे संरक्षित करते हैं, हमारा संबल और मनोबल होते हैं।

# तुमसे कुछ अनूठा और खास है रिश्ता

संबंध

**अंजू जैन**





हमारी जिंदगी में एक या दो लोग ऐसे जरूर होते हैं, जिनको देखकर हमारे मुख से अनायास ही निकल जाता है, 'कुछ खास और अनूठा है तुमसे मेरा रिश्ता।' यह रिश्ता ऐसा होता है, जो समय की कसौटी पर तपकर 'रूहानी' बन जाता है। चाहे बचपन की सहेली हो, पति-पत्नी हों, मां-बेटी हों या ननद-भाभी, इनसे प्रेम पगा ऐसा रिश्ता हो जाता है, जो हमारे अस्तित्व को मुकम्मल करता है। इस रिश्ते के अहसास बहुत गहरे होते हैं। ऐसे रिश्ते की और क्या पहचान होती है, जानिए-

**यह रिश्ता उपयोग नहीं अहसास के लिए है:** अकसर हम रिश्तों का महत्व उसकी उपयोगिता से आंकते हैं, लेकिन जो अनूठे रिश्ते होते हैं, वे 'उपयोग' के लिए नहीं, 'अहसास' के लिए होते हैं। ये वे लोग होते हैं, जो आपकी सफलता पर आपसे ज्यादा खुश होते हैं, आपकी विफलता में आपके सबसे मजबूत संबल बनते हैं। यह ऐसा गहरा रिश्ता होता है, जिसमें खुद को साबित करने की जरूरत नहीं पड़ती। इसमें पति-पत्नी के बीच की स्वीकृत खामोशी कभी असहज नहीं लगती या दो भाइयों और सहेलियों के बीच का भरोसा 'चाहे कुछ भी हो जाए, साथ खड़े हैं', यही रिश्तों की गहराई होती है, सच्चा प्यार होता है।

**बिन कहे सुन लेना:** गहरे रिश्तों की पहली पहचान खामोशी है। जब आप दुखी हों और सामने वाला सिर्फ आपकी आंखों को देखकर आपकी पीड़ा समझ ले, तो समझिए यह रिश्ता रूहानी है। यहां शब्दों के सहारे की कोई जरूरत नहीं पड़ती।

**कभी नीचा नहीं दिखाएगा:** अनूठा रिश्ता वह होता है, जहां आप अपनी बड़ी से बड़ी गलती बिना डरे साझा कर सकें। यह रिश्ता आपको सुधार सकता है, डांट सकता है, लेकिन आपको कभी नीचा नहीं दिखाएगा।

**छोटी-छोटी बातों का जश्न:** गहरे रिश्तों में खुश रहने के लिए किसी बड़े उत्सव की जरूरत नहीं होती। साथ बैठकर चाय पीना, पुरानी यादें ताजा करना या बस चुपचाप टहलना भी एक बड़ा जश्न बन जाता है।

**वक्त और फासले बेअसर:** कुछ दोस्त-सहेलियां सालों बाद मिलती हैं, लेकिन बातचीत वहीं से शुरू होती है, जहां छोड़ी थी। गहरे रिश्तों पर न तो वक्त की धूल जमती है, ना ही दूरी कोई मायने रखती है।

**एक-दूसरे की खुशियों में निवेश:** जब दो सहेलियों, ननद-भाभी या मां-बेटी का गहरा रिश्ता होता है, तो उनकी जीत निजी नहीं रह जाती। एक की कामयाबी दूसरे की आंखों में चमक बनकर दिखती है। जलन और प्रतिस्पर्धा के लिए यहां कोई जगह नहीं होती।

**मीठा ही नहीं कहे कड़वा सच भी:** गहरा रिश्ता वह नहीं है, जो सिर्फ मीठा बोले बल्कि वह है, जो कड़वा सच भी प्यार से कहे। जो आपकी गलतियों पर पर्दा डालने के बजाय आपको आईना दिखाए, वही आपका सच्चा हितैषी है। यही सच्चे रिश्ते की पहचान है।

**संकट में सबसे पहला ख्याल:** जब जीवन में कोई बड़ा संकट आता है, तो जिस व्यक्ति का चेहरा आपके दिमाग में सबसे पहले आता है, वही आपका सबसे गहरा रिश्ता होता है। वह आपका 'सेफ हेवन' (सुरक्षित ठिकाना) होता है।

**बिना शर्त स्वीकार्यता:** आप जैसे हैं, अपनी खामियों, सनक और खूबियों के साथ आपको स्वीकार करे, आपको उस रिश्ते में रहने के लिए कोई मुखौटा पहनने की जरूरत नहीं पड़े, यही सच्चा-गहरा रिश्ता है। इस बात को हम समझें कि रिश्तों में दरार तब आती है, जब हम सामने वाले को अपनी इच्छा के अनुसार ढालना चाहते हैं। रिश्तों की खूबसूरती इसी में है कि आप व्यक्ति को उसकी खूबियों और खामियों के साथ वैसा ही स्वीकार करें, जैसा वह वास्तव में है।

---



स्किन केयर

**शहनाज हुसैन, कॉस्मेटोलॉजिस्ट**

# बहुत फायदेमंद है मेनीक्योर-पेडीक्योर

मेनीक्योर और पेडीक्योर केवल नाखूनों की सफाई ही नहीं है बल्कि यह सेल्फ केयर की एक जरूरी कड़ी है, जिससे स्वास्थ्य लाभ होता है, सुंदरता में निखार आता है, रक्त संचार बढ़ता है और आत्मविश्वास भी बढ़ता है। इनके फायदों के बारे में यहां बता रहे हैं।

**बेहतर ब्लड सर्कुलेशन:** जब आप मेनीक्योर और पेडीक्योर करवाती हैं तो शरीर में बेहतर रक्त संचार होता है, जिससे त्वचा में निखार आता है। इससे आपकी स्किन टाइट होती है जिससे चेहरे और हाथों-पैरों की झुर्रियां कम दिखती हैं और आप जवां दिखती हैं। शरीर में बेहतर रक्त संचार दिल की सेहत के लिए भी लाभदायक होता है।

**संक्रमण की रोकथाम:** आपके हाथ-पांव दिन में बार-बार जमीनी सतह के संपर्क में आने से गंदगी, धूल, मिट्टी आदि से खराब हो जाते हैं, जिसकी वजह से आपके नाखून गंदे हो जाते हैं और आपकी त्वचा अकसर खराब हो जाती है। नियमित मेनीक्योर और पेडीक्योर नाखूनों को साफ और सुव्यवस्थित रखने में मदद करते हैं, जिससे नाखूनों में फंगल और जीवाणु संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है। नाखूनों के इर्द-गिर्द मृत त्वचा कोशिकाओं को हटाने से और क्यूटिकल की उचित केयर से फंगल और अन्य प्रकार के संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है। पैरों के नाखूनों को साफ रखने, छोटा रखने और नियमित रूप से काटने से आपके नाखून अंदर की तरफ बढ़ते हैं जिससे हर तरह के संक्रमण को रोकने में मदद मिलती है और हाथों को भी यही फायदा मिलता है। हमारे नाखूनों में नियमित रूप से गंदगी जमा होती रहती है या कुछ न कुछ फंसा रहता है और उन्हें साफ और पॉलिश रखने से काफी फायदे होते हैं। मेनीक्योर और पेडीक्योर में पोषक क्रीम और तेलों का प्रयोग किया जाता है जोकि मॉयश्चराइज करते हैं, जिससे नाखून टूटते नहीं हैं और इनमें धब्बे भी नहीं पड़ते हैं।



**तनाव होता है कम:** मेनीक्योर और पेडीक्योर में मसाज के दौरान मांसपेशियां रिलेक्स होती हैं, जिससे तनाव कम होता है। मसाज के प्रेशर और मूवमेंट से तनाव रिलीज हो जाता है और इससे सेहत और तंदुरुस्ती को प्रमोट करने में मदद मिलती है। मसाज आपके हाथों और पैरों की नसों को शांत करती है, जिससे तनाव को संतुलित किया जा सकता है।



**नाखून-त्वचा के लिए यूजफुल:** मेनीक्योर और पेडीक्योर नाखूनों को गहराई से साफ करते हैं। इस तकनीक से सारी गंदगी साफ हो जाती है। क्यूटिकल को ट्रिम करने से हैंगनेल (नाखूनों के आसपास की त्वचा) में होने वाली पीड़ा को रोका जा सकता है और नाखूनों को मजबूत और स्वास्थ्यवर्धक तरीके से बढ़ने में मदद मिलती है।

---

डाइट सजेशन

**संध्या पांडेय**
चीफ डाइटीशियन
मेदांता दि मेडिसिटी, गुरुग्राम

डिलीवरी के बाद केवल शिशु ही नहीं मां को भी अपनी हेल्थ का ध्यान रखना चाहिए। डॉक्टर की सलाह के अनुसार मां को अपनी डाइट और लाइफस्टाइल में बदलाव लाने की जरूरत होती है। इस बारे में बहुत यूजफुल सजेशंस।

# डिलीवरी के बाद कैसी हो मां की डाइट-लाइफस्टाइल





जब कोई महिला मां बनती है तो नवजात शिशु की देखभाल के साथ अपनी सेहत के प्रति भी उसकी जिम्मेदारियां बढ़ जाती हैं। डिलीवरी के बाद की इस अवस्था को लैक्टेशन पीरियड कहा जाता है। जन्म के बाद शुरुआती छह महीने तक शिशु पूरी तरह मां के दूध पर निर्भर रहता है। ऐसे में उसे पर्याप्त पोषण की जरूरत होती है। यह तभी संभव होगा, जब मां हेल्दी डाइट और लाइफस्टाइल अपनाएं।

**शरीर को चाहिए पर्याप्त पोषण:** डिलीवरी के बाद अकसर महिलाओं के शरीर में खून की कमी हो जाती है, उनके शरीर में हार्मोन संबंधी बदलाव भी आते हैं। ऐसे में रिकवरी के लिए उन्हें पर्याप्त मात्रा में पोषण की जरूरत होती है। इस दौरान पौष्टिक और संतुलित आहार खाने से उनकी सेहत में तेजी से सुधार होता है। नवजात शिशु को फीड कराने वाली मांओं को रोजाना लगभग 300-400 अतिरिक्त कैलोरी की जरूरत होती है, जिसकी आपूर्ति के लिए उन्हें अपनी डाइट में प्रोटीन, आयरन, कैल्शियम और विटामिंस से युक्त फूड्स को शामिल करना चाहिए। उनकी डाइट में रोजाना कैल्शियम की मात्रा 1000 से 1300 मिलीग्राम के बीच होनी चाहिए। इसके लिए अपनी डेली डाइट में दूध, दही, पनीर और हरी सब्जियां शामिल करें।

**प्रोटीन भी है जरूरी:** डिलीवरी के बाद अपनी सेहत की रिकवरी और नवजात शिशु के पोषण के लिए महिलाओं को पर्याप्त मात्रा में प्रोटीन की भी जरूरत होती है। इसके लिए उन्हें हर तरह की दालों, सोयाबीन और स्प्राउट्स का सेवन करना चाहिए। मिल्क प्रोडक्ट्स से भी उनके शरीर को प्रोटीन का पोषण मिल जाता है। ड्राय फ्रूट्स और कई तरह के सीड्स का सेवन भी सेहत के लिए फायदेमंद होता है।

**बढ़ाएं लिक्विड की मात्रा :** नवजात शिशु को फीड कराने वाली महिलाओं को पर्याप्त मात्रा में तरल पदार्थों का सेवन करना चाहिए। उन्हें रोजाना कम से कम एक लीटर दूध और आठ से दस ग्लास तक पानी पीना चाहिए। संतरा, अनार, मौसंबी और अंगूर जैसे फलों का सेवन भी फायदेमंद होता है। लेकिन जूस निकालकर पीने के बजाय सीधे इन फलों का सेवन अधिक फायदेमंद होता है।

**हर्ब्स-मसाले भी हैं फायदेमंद :** फल, दूध, सब्जियों के अलावा डिलीवरी के बाद महिलाओं को कुछ और चीजों को शामिल करना फायदेमंद होता है। मसलन, गुड़, जीरा, गोंद, हल्दी, सोंठ, मेथी से बने लड्डू और अजवाइन का पानी आदि। ये चीजें इंफेक्शन से बचाव में मददगार होने के साथ शरीर के इम्यून सिस्टम को भी मजबूत बनाती हैं। अजवाइन का पानी पाचन तंत्र को दुरुस्त रखने के साथ पेट में बनने वाली गैस को भी दूर करता है।

**अपनाएं स्वस्थ जीवनशैली:** शिशु की देखभाल की वजह से अकसर मां की नींद बाधित होती है, जिसकी वजह से उन्हें कई तरह की शारीरिक और मनोवैज्ञानिक समस्याएं परेशान करती हैं। ऐसी समस्याओं से बचाव का बेहतर तरीका यही है कि दिन के वक्त जब बच्चा सो रहा होता है तो उसी दौरान आप भी अपनी अधूरी नींद पूरी कर लें। शरीर को फिट रखने के लिए रोजाना वॉक करें। घी-तेल और मिर्च-मसाले के अत्यधिक सेवन से बचें। अगर इन बातों का ध्यान रखेंगी तो अपने शिशु के साथ आप भी पूरी तरह स्वस्थ रहेंगी।

**प्रस्तुतिः विनीता**

## खबर संक्षेप

### शहीद देश की सांस्कृतिक धरोहर: रामभगत

**लोहारू।** कांग्रेस जिला महासचिव रामभगत सोलंकी ने कहा कि जिन शहीदों के बलिदानों से हमेश आजादी की फिजा नसीब हुई, उन शहीदों के के बलिदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। शहीद देश की सांस्कृति धरोहर हैं तथा आने वाली पीढ़ियां उनके सदैव आदर्शों के रूप में याद करती रहेगी। वे स्थानीय शहीद भगत सिंह चौक पर 95वें शहीदी दिवस पर शहीद भगत सिंह, राजगुरू और सुखदेव को श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे थे। शहीद भगतसिंह समाज कल्याण कल्याण समिति के प्रधान जगदीश जायलवाल, उपप्रधान श्यामलाल वर्मा, महासचिव राजेश सिंह शेखावत, साहिल बड़सीवाल, प्रदीप कुमार, योगेश बड़सीवाल, सुनिल कुमार, राहुल सैन, आर्यन सैनी सहित अनेक लोगों ने शहीदों को पुष्प अर्पित किए।

### भारतीय किसान यूनियन ने शहीदों को किया नमन

**बाढड़ा।** शहीदी दिवस के अवसर पर भारतीय किसान यूनियन द्वारा शहीदों की याद में भव्य श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर देश के वीर शहीदों को नमन किया और उनके बलिदान को हमेशा याद रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में भाकियू जिला प्रधान हरपाल भांडवा के नेतृत्व में किसान एकत्रित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि शहीदों के त्याग और बलिदान की बदौलत ही आज हम स्वतंत्र वातावरण में जीवन जी रहे हैं। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को अपनाकर देश सेवा के मार्ग पर आगे बढ़ें।

### युवाओं ने रक्तदान कर शहीदों को नमन किया

**बाढड़ा।** शहीदी दिवस के अवसर पर खंड के गांव गोपालवास में शहीद भगत सिंह युवा क्लब द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। देशभक्ति और सेवा भावना से ओत-प्रोत इस आयोजन में क्षेत्र के युवाओं ने बढ़-चढक़र भाग लेते हुए रक्तदान कर शहीदों को नमन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नव चयनित यूपीएससी अ5यार्थी सुनीता श्योराण उर्फ टीना ने शिरकत की। उन्होंने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शहीदों के सपनों का भारत बनाने के लिए समाज सेवा और मानवता के कार्यों में आगे आना बेहद जरूरी है।

एक सिलेंडर के लिए सभी काम छोड़कर अल सुबह लगना पड़ता है लाइन में

# गैस की किल्लत को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने किया विरोध-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭तोशाम

गैस की किल्लत को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने तोशाम में विरोध प्रदर्शन किया तथा भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने गैस सिलेंडर न मिलने से परेशान लोगों की आवाज उठाते हुए भाजपा सरकार को जमकर कोसा।

**केंद्र सरकार की लापरवाही के चलते आमजन को नहीं मिल रही गैस**

उल्लेखनीय है कि गैस की किल्लत के चलते देशभर में आमजन परेशान है और आमजन को गैस का एक सिलेंडर पाने के लिए अपने सभी निजी कार्य छोड़कर अल सुबह लाइनों में लगना पड़ रहा है। आमजन की इस परेशानी को लेकर सोमवार को कांग्रेस कार्यकर्ता तोशाम में बवानी खेड़ा मार्ग पर पहुंचे जहां ट्रैक्टर ट्राली से उपभोक्ताओं को गैस सिलेंडर वितरित किए जा रहे थे, इस दौरान गैस सिलेंडर पाने के लिए लंबी लाइन लगी हुई थी। इस मौके पर पहुंचे कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने आमजन की आवाज को बुलंद करते हुए भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और आमजन को समय पर गैस सिलेंडर उपलब्ध करवाने की मांग की। इस मौके पर गणेश मित्तल, रमेश नागपाल, प्रवीण सरदाना, सुशील तोशाम, संतलाल, एडवोकेट विकास मोहल, नवीन नाफरिया, दीपक सरवटा, विकास पहिवाल, बलजीत, संदीप, वेद प्रकाश, रमेश, पंकज, पुनीत महता, शोकी, महेंद्र, सतीश, सूरज आदि सहित अनेक कांग्रेस कार्यकर्ता तथा आमजन मौजूद थे।



तोशाम। गैस की किल्लत को लेकर कस्बे में प्रदर्शन करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### पूरे देश में गैस के लिए चल रही मारामारी

इस मौके पर कांग्रेस के युवा नेता अशोक मलिक ने कहा कि केंद्र सरकार की लापरवाही के चलते आमजन को गैस नहीं मिल रही है, गैस सिलेंडर प्रत्येक व्यक्ति की जरूरतमंद वस्तु है। लेकिन भाजपा सरकार ने पता नहीं क्या कर रखा है जिससे पूरे देश में गैस की मारामारी चल रही है। आमजन को गैस सिलेंडर पाने के लिए सुबह 3 बजे नींद से जागकर बारिश में, कीचड़ में विभिन्न तरह की परेशानियां झेलकर लाइनों में लगना पड़ रहा है जिससे गैस को लेकर पूरे देश में आमजन काफी परेशान है। आमजन कि इस समस्या को लेकर केंद्र सरकार राज्य सरकार तथा जिला प्रशासन को पूरी तरह से ध्यान देना चाहिए जिससे आमजन की परेशानी का हल हो सके।



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

### आंदोलन निर्णायक दौर में पहुंचा

- 23 अप्रैल को भारत बंद की चेतावनी

**भिवानी।** राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा और भारत मुक्ति मोर्चा द्वारा अपनी संवैधानिक मांगों को लेकर घोषित राष्ट्रव्यापी चरणबद्ध आंदोलन सोमवार को अपने तीसरे और सबसे निर्णायक चरण में प्रवेश कर गया। सोमवार को देश के 725 जिला मुख्यालयों सहित भिवानी के स्थानीय लघु सचिवालय पर ओबीसी समाज और कार्यकर्ताओं ने विशाल रैली निकालकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन किया। आंदोलनकारियों ने केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और राष्ट्रपति के नाम एक मांग पत्र जिला प्रशासन के माध्यम से सौंपा। रैली के दौरान जाति आधारित जनगणना और ओबीसी के अलग कॉलम की मांग प्रमुखता से छाई रही। इस मौके पर मांगपत्र के माध्यम से राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष दीपक जांगड़ा ने बताया कि कैबिनेट के फैसले के बावजूद जनगणना नोटिफिकेशन में ओबीसी जातियों के लिए अलग कॉलम न देना समाज के साथ धोखा है।



भिवानी। मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो: हरिभूमि

## जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 कागजों तक ही सीमित

- जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक उदासीनता के कारण ज़मीनी स्तर पर बड्स एक्ट-2019 के तहत नहीं हुई कोई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

ठगी पीड़ित जमाकर्ता परिवार के बैनर तले सोमवार को सैकड़ों निवेशकों ने भिवानी में जोरदार प्रदर्शन किया। शहीदी दिवस के अवसर पर आयोजित इस विरोध प्रदर्शन में जिले के उन हजारों परिवारों ने हिस्सा लिया, जिनकी गाढ़ी कमाई चिटफंड कंपनियों और अनियमित जमा योजनाओं में फंसी हुई है। प्रदर्शनकारियों ने केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए स्थानीय सांसद के नाम एक ज्ञापन सौंपा। प्रदर्शन का नेतृत्व तपजप के प्रदेश अध्यक्ष रामजस ने किया तथा अध्यक्ष जिला अध्यक्ष रमेश तंवर ने की। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष रामजस ने सीधा आरोप लगाया कि संसद द्वारा पारित अनियमित जमा योजनाएं पाबंदी अधिनियम 2019 केवल कागजों तक सीमित रह गया है। उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत ठगी पीड़ितों को 180 दिनों के भीतर भुगतान मिल जाना चाहिए था, लेकिन प्रशासनिक उदासीनता के कारण जमीनी स्तर पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। इस मौके पर जिला अध्यक्ष रमेश तंवर ने सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न रिफंड पोर्टल्स को भ्रामक और अवैध बताते हुए मांग की गई कि इन्हें बंद कर सीधे सक्षम अधिकारी के माध्यम से भुगतान शुरू किए जाने की मांग की।

### नहीं उठाया मुद्दा

हद की बात तो यह है कि सांसद धर्मबीर सिंह को कई बार इस मामले से अवगत करवाने के बावजूद भी उन्होंने आज तक इस मुद्दे को संसद में नहीं उठाया, जो कि जनता के प्रति उनके अनदेखे रवैये को दर्शाता है। उन्होंने इसे मतदाताओं के साथ विश्वासघात करार दिया। इस दौरान पीड़ित निवेशकों ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की कि ईडी, सीबीआई और सेबी जैसी एजेंसियों द्वारा जब्त की गई ठग कंपनियों की संपत्तियों का बड्स 30 दिनों के भीतर मूल्यांकन कर, उससे प्राप्त राशि को भुगतान अधिकारियों के पास जमा किया जाए, ताकि एक्ट-2019 के तहत 180 दिनों में पीड़ित निवेशकों को उनके खून-पसीने की गाढ़ी कमाई वापिस मिल सकें।

## शहीदों की याद में लगाया शिविर

- शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु, शहीद सुखदेव को किया नमन

हरिभूमि न्यूज ⏭बवानीखेड़ा

तिगड़ाना के चुंगी वाला कुआं में सर्व कल्याण मंच के द्वारा शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरु, शहीद सुखदेव एवंत माम शहीदों की याद में रक्तदान शिविर लगाया गया। 'रक्तदान शिविर में सर्व कल्याण मंच के संचालक एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल के निजी सचिव नवीन कौशिक, पहुंचकर कार्यक्रम में भाग लिया। रक्तदान शिविर में दर्जनों रक्तदाताओं ने पहुंचकर रक्तदान किया। रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र देकर उनका हौसला बढ़ाया। गया।



बवानीखेड़ा। रक्तदान शिविर में बैज लगाते हुए। फोटो: हरिभूमि

### सेवा भावना होती है मजबूत

मंच संचालक नवीन कौशिक ने बताया कि रक्तदान जैसे महान कार्य से समाज में मानवता और सेवा की भावना और मजबूत होती है। ऐसे सामाजिक कार्यों के लिए सर्व कल्याण मंच के सभी सदस्यों आगे रहते हैं। मंच द्वारा रक्तदान शिविर के साथ साथ निशुल्क मेडिकल कैंप, बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए घर के द्वार बेटियों के नेम प्लेट का अभियान सहित सामाजिक धार्मिक कार्यों में अपनी अहम भूमिका अदा की जाती है। वहीं नपा चेयरमैन सुंदर अत्री, , विधायक कपूर सिंह वाल्मीकि के बड़े भाई मास्टर राजेश आदि ने भी संबोधित किया।

## पंजाबी नृत्य ने खूब बटोरी वाहवाही

- अलार इंस्टीट्यूट ने वार्षिक उत्सव "शौर्य समारोह" का करवाया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान अलार इंस्टीट्यूट द्वारा वार्षिक उत्सव "शौर्य समारोह" का आयोजन गरिमामयी वातावरण में किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन, देशभक्ति एवं सांस्कृतिक मूल्यों का जीवंत उदाहरण बना। इस समारोह में मुख्य अतिथि विधायक सुनील सतपाल सांगवान तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आईएएस सुनीता श्योराण उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थान के चेयरमैन बलबीर सिंह पूर्व खंड शिक्षा अधिकारी ने की, जबकि संस्थान के निदेशक डॉ. अरुण श्योराण ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।




चरखी दादरी। विद्यार्थियों को सम्मानित करते अतिथि। फोटो: हरिभूमि

### मनमोहक प्रस्तुतियां दी

कार्यक्रम का शुभारंभ पारंपरिक रूप से गणेश वंदना के साथ किया गया, जिससे पूरे वातावरण में सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। इसके पश्चात संस्थान के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने अपनी मनमोहक और आकर्षक प्रस्तुतियों से उपस्थित दर्शकों का दिल जीत लिया। मुख्य अतिथियों के मंच पर आगमन के उपरांत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना ने कार्यक्रम को और भी गरिमामय बना दिया।

### नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों में जोश और गर्व भरा

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें देशभक्ति से ओत-प्रोत फौजी एक्ट और शहीद भगत सिंह पर आधारित नाट्य प्रस्तुति ने दर्शकों में जोश और गर्व की भावना भर दी। इसके अतिरिक्त हरियाणवी नृत्य और पंजाबी नृत्य ने कार्यक्रम में लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत की, जिस पर दर्शकों ने खूब तालियाँ बजाईं।

### ब्रिगेडियर अनुराग अग्रवाल का अभिनंदन, 40 साल बाद गांव लौटने पर भावुक हुआ दंपति

**बाढ़ड़ा।** गांव काकडोली हुकमी में सेना के वरिष्ठ अधिकारी ब्रिगेडियर अनुराग अग्रवाल के सम्मान में भव्य अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। करीब चालीस वर्षों बाद अपने पैतृक गांव पहुंचने पर ब्रिगेडियर अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी भावुक हो उठे। ग्रामीणों ने गर्मजोशी से स्वागत करते हुए फूलमालाओं व पगड़ी पहनाकर उनका स6मान किया। गांव के मुख्य चौक पर आयोजित स्वागत समारोह में पहुंचे ब्रिगेडियर अनुराग अग्रवाल ने गांव के बुजर्गो को नमन कर उनसे आशीर्वाद लेते हुए, उन्होंने अपने बचपन की यादों को साझा करते हुए कहा कि गांव की मिट्टी से जुड़ाव कभी खत्म नहीं होता। उन्होंने युवाओं को देशसेवा के लिए प्रेरित करते हुए सेना में भर्ती होने का आह्वान किया। उनकी धर्मपत्नी समिता अग्रवाल जो वर्तमान में उतराखंड में डिप्टी डायरेक्टर के पद पर कार्यरत हैं। पूर्व सरपंच सीताराम शर्मा ने कहा कि गांव के बेटे की इस उपलब्धी पर उन्हें गर्व है और यह युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8814999151, 9253681005

## स्कूल से लाखों का सामान चोरी

- लाखों के कंप्यूटर, डिजिटल उपकरण और अन्य कीमती सामान ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

सरसा घोघड़ा स्थित वीर शहीद महिपाल राजकीय माध्यमिक विद्यालय में चोरों ने शिक्षा के मंदिर को निशाना बनाया है। चोरों ने विद्यालय की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए लाखों रुपये के कंप्यूटर, डिजिटल उपकरण और अन्य कीमती सामान पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना उस समय हुई जब मुख्याध्यापिका अवकाश पर थीं। इस बारे में जानकारी देते हुए विद्यालय की मुख्याध्यापिका पूनम टुटेजा ने बताया कि वे निजी कार्यवश पंजाब के ब्यास गई हुई थीं।



भिवानी। चोरों द्वारा स्कूल के गेट की कुंडी तोड़कर बीच में फंसाया गया ब्लाक व चोरों द्वारा स्कूल में बिखेरा गया सामान। फोटो: हरिभूमि

### 13 कंप्यूटर सैट ले गए चोर

चोरी की यह वारदात शुक्रवार की रात को अंजाम दी गई। शनिवार रात को उन्हें इस घटना की प्रारंभिक सूचना मिली, जिसके बाद वे रविवार रात को पहुंचीं तथा सोमवार को जब स्कूल का गहन मुआयना किया गया, तो चोरी हुए सामान की लंबी सूची सामने आई। उन्होंने बताया कि चोरों ने नपा केवल तकनीकी उपकरणों को निशाना बनाया, बल्कि रसोई और बिजली से संबंधित सामान भी उठा ले गए। मुख्याध्यापिका ने बताया कि चोरों ने 13 कंप्यूटरर सैट, सॉफ्टवेयर किट, डिजिटल बोर्ड एक्सेसरीज, 3 बैटरी सोलर व इन्वर्टर, प्राईमरी विंग से बैटरी इन्वर्टर, मिडल विंग से 2 गैस तथा एक फोन टेबलेट पर हाथ साफ किया।

## पंचायत घर में लगाई त्रिवेणी

- गिरता जलस्तर और बढ़ता प्रदूषण हमारे अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा : लोकराम नेहरा

हरिभूमि न्यूज ⏭भिवानी

पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाने वाले पर्यावरण प्रहरी हवलदार लोकराम नेहरा ने शहीद दिवस के अवसर पर त्रिवेणी बाबा के मार्गदर्शन में स्थानीय पंचायत घर परिसर में भारतीय स्टेट बैंक के कर्मचारियों के साथ मिलकर त्रिवेणी का रोपण किया। पौधारोपण के पश्चात उपस्थित जनसमूह और बैंक अधिकारियों को संबोधित करते हुए हवलदार लोकराम नेहरा ने वीर शहीदों के बलिदान को आज की पर्यावरणीय चुनौतियों से जोड़ते हुए एक ओजस्वी आह्वान किया।



भिवानी। त्रिवेणी रोपित करते हुए। फोटो: हरिभूमि

### बढ़ता प्रदूषण सबसे बड़ा खतरा

उन्होंने कहा कि जिस तरह राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव ने अपनी जवानी और अपना जीवन देश की राजनीतिक आजादी के लिए न्योछावर कर दिया था, आज समय की मांग है कि हम पर्यावरण की गुलामी से आजादी पाने के लिए संघर्ष करें। गिरता जलस्तर और बढ़ता प्रदूषण हमारे अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा है। लोकराम नेहरा ने बताया कि आज का युवा और नागरिक किस तरह से देशभक्ति निभा सकता है।



मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008

शुभारंभ — जलभराव की समस्या का होगा स्थायी समाधान और लाइब्रेरी में बढ़ेंगी किताबें

# दादरी में 6.34 करोड़ से बनेगा मॉडल स्कूल का नया भवन, विधायक सुनील सांगवान ने शुभारंभ किया

- 634.77 लाख रुपये की लागत से होगा निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭चरखी दादरी

शहीद दलबीर सिंह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक संस्कृति मॉडल स्कूल के नए भवन निर्माण का शुभारंभ विधायक सुनील सांगवान ने नारियल फोड़कर किया। करीब 634.77 लाख रुपये की लागत से बनने वाले यह आधुनिक भवन न केवल शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाएगा, बल्कि लंबे समय से स्कूल परिसर में हो रही जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान भी करेगा। इस अवसर पर बीईओ सुरेश यादव, एसडीओ विजय कादयान, कंट्रेक्टर राजकुमार जांगड़ा, डा. सतीश साहू, संजय शास्त्री, धर्मेंद्र सांगवान, नप वाइस चेयरमैन संदीप फोगाट, रीतू गोयल, प्रवीन सैनी, विक्रम श्योराण आदि मौजूद रहे।



चरखी दादरी। नए भवन का शिलान्यास करते विधायक सुनील सांगवान।

### पढ़ाई पर ध्यान दें

कार्यक्रम के दौरान विधायक ने विद्यार्थियों से बातचीत करते हुए उन्हें ईमानदारी और मेहनत से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बिना पर्ची-खर्ची के युवाओं को रोजगार के अवसर दे रही है, इसलिए छात्र अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें और अपने लक्ष्य को हासिल करें।

### विधायक ने किया निरीक्षण

विधायक सुनील सांगवान ने बताया कि लंबे समय से स्कूल परिसर में जलभराव की गंभीर समस्या बनी हुई थी, जिससे विद्यार्थियों और स्टाफ को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। इस मुद्दे को लेकर उन्होंने 21 सितंबर 2025 को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात कर नया भवन बनाने की मांग रखी थी। सरकार द्वारा मांग पर संज्ञान लेते हुए भवन निर्माण को मंजूरी दी गई, जिसके बाद अब निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने स्कूल की पुरानी बिल्डिंग, लाइब्रेरी और कार्यालयों का निरीक्षण भी किया। उन्होंने लाइब्रेरी को और समृद्ध बनाने के लिए प्राचीन इतिहास और सामान्य ज्ञान से जुड़ी नई पुस्तकों की व्यवस्था करने की घोषणा की। उनका कहना था कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। विधायक सुनील सांगवान ने जिला शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र चौधरी और पुलिस हाउसिंग कारपोरेशन के एक्सईएन विकास दहिया को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि बच्चों को आधुनिक सुविधाओं से युक्त भवन मिल सके।